# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0, पुरोला (उत्तरकाशी)
***Office of the Executive Engineer PMGSY, I.D. Purola (Uttarkashi)***

E-Mail : eepmgsypurola@rediffmail.com Tel.No. : 01373-223730

पत्रांक– 298 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / सिं0ख0 / दिनांक 08 / 06 / 2018

विषयः– **जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव में नौगांव पुरोला मोटर मार्ग के कि0मी0 2.00 से थली मोटर मार्ग के वनभूमि प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **वन संरक्षक यमुना वृत्त उत्तराखण्ड देहरादून की ई0डी0एस0 क्वेरी दिनांक 18.05.2018।**

**उप वन संरक्षक, टौंस वन प्रभाग, पुरोला उत्तरकाशी**

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि इस खण्ड के अन्तर्गत नौगांव–पुरोला मोटर मार्ग के कि0मी0 2.00 से थली मोटर मार्ग निर्माण हेतु वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव नोडल अधिकारी द्वारा लगाई गई ई0डी0एस0 क्वेरी जिसमें प्रस्ताव की हार्ड प्रति मूल रूप में न प्राप्त होने पर आपत्ति लगाई गई है, जिसके क्रम में सूचनीय है कि इस कार्यालय के पत्रांक सं0 386 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / सिं0ख0 दिनांक 23.06.2016 द्वारा पूर्व में ही उक्त वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 03 मूल प्रतियों में उपलब्ध करवाई जा चुकी है जिसकी प्राप्ति की छायाप्रति इस पत्र के माध्यम से आपके सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न कर भेजी जा रही है।

उक्त के क्रम में आपको यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 29.05.2018 को इस खाण्ड के कनिष्ठ अभियन्ता श्री सन्दीप नैथानी द्वारा नोडल अधिकारी कार्यालय में स्वयं प्रस्तुत होते हुए इस वनभूमि प्रस्ताव से सम्बन्धित कार्यवाही कर रहे हैड बाबू श्री ओ0पी0 सिंह के समक्ष स्वयं उक्त वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की मूल प्रति उनके समक्ष कार्यालय अभिलेखों में से ही खोजकर प्रस्तुत की गई। उनके द्वारा हार्ड प्रति उपलब्ध होने की सहमति प्राप्त हुई।

अतः उपरोक्तानुसार लगाई गई आपत्तियों का निराकरण किया जा चुका है एवं आपसे अनुरोध है कि उक्त वनभूमि प्रस्ताव अग्रिम स्वीकृति हेतु ऑन लाईन प्रेषित करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–** उपरोक्तानुसार–01 नं0

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0
पुरोला (उत्तरकाशी)

**पत्रांक / पी0एम0जी0एस0वाई0 / सिं0ख0 / पुरोला / तदिनांक**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी वन संरक्षण इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कालोनी उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग, बडकोट, उत्तरकाशी।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0
पुरोला (उत्तरकाशी)

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0, पुरोला (उत्तरकाशी)

## *Office of the Executive Engineer PMGSY, I.D. Purola (Uttarkashi)*

E-Mail : eepmgsypurola@rediffmail.com

Tel.No. : 01373-223730

पत्रांक- 386 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / सिं0ख0 /

दिनांक 23 / 6 / 2016

सेवामें,

अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत नौगांव पुरोला के किमी0 2.00 से थलीगांव मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण के प्रस्ताव की प्रतियां जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की तीन–तीन प्रतियां आपको उपलब्ध करायी जा रही है।

अतः आपसे निवदेन है कि उक्त प्रकरण को शीघ्र स्वीकृत करवाने की कृपा करें।

सलग्नकः– वनभूमि प्रस्ताव तीन–तीन मूल प्रतियों में।

24/6/16

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सिं0ख0
पुरोला (उत्तरकाशी)